सत्यमेव जयते

राजभवन सूचना परिसर, उत्तराखण्ड
प्रेस विज्ञप्ति–2

राजभवन देहरादून 09 मई, 2024

राज्यपाल लेफ्टिनेंट जनरल गुरमीत सिंह (से नि) ने प्रदेशवासियों को अक्षय तृतीया की शुभकामनाएं दी हैं। अपने संदेश में राज्यपाल ने कहा कि संपूर्ण पापों का नाश करने वाली एवं सभी सुखों को प्रदान करने वाली अक्षय तृतीया की पावन तिथि सभी के जीवन में नई ऊर्जा का संचार करे। उन्होंने कामना की है कि माँ लक्ष्मी जी की कृपा से सभी के जीवन में समृद्धि, सौभाग्य व सफलता का संचार हो एवं सबके अन्न, धन और विद्या में वृद्धि हो।

राज्यपाल ने 10 मई अक्षय तृतीया के दिन गंगोत्री, यमुनोत्री एवं केदारनाथ धाम के कपाट खुलने के शुभ अवसर पर सभी श्रद्धालुओं को बधाई दी। उन्होंने सभी श्रद्धालुओं के भक्तिमय, सुगम व सुःखद चारधाम यात्रा की कामना की है।

..........0...........